एसडीएम की तत्परता लाई रंग, निराश्रित निःसंतान विधवा को पट्टे की जमीन पर मिला कब्जा



पुलिस की मौजूदगी में क्षेत्रीय लेखपाल ने दिलाया जमीन पर अधिकार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर की निर्धन, निराश्रित एवं नि:संतान विधवा गीता श्रीवास्तव को पट्टे पर आवंटित जमीन पर कब्जा मिल गया। उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक की तत्परता से पुलिस की मौजूदगी में क्षेत्रीय लेखपाल विजय लक्ष्मी ने भूमि पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई की। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण गीता श्रीवास्तव अपनी पट्टे की जमीन पर निर्माण नहीं करा पाई थीं। जमीन पर अपने अधिकार को लेकर लंबे समय से प्रयासरत महिला को कब्जा मिलने से बड़ी राहत मिली है। एसडीएम प्रशांत कुमार नायक की पहल पर हुई इस कार्रवाई से जरूरतमंद महिला को उसके आवंटित भूखंड पर अधिकार मिल सका। मौके पर पुलिस की मौजूदगी और क्षेत्रीय लेखपाल की कार्रवाई से प्रक्रिया पूरी कराई गई। प्रशासन की इस तत्परता को जरूरतमंद और असहाय लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जमीन के रास्ते के विवाद में पानी की टंकी पर चढ़ी महिला

सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने और रास्ता खुलवाने की मांग हाईकोर्ट में 23 अक्टूबर को होगी सुनवाई

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के नवीन परिसर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जमीन के रास्ते से जुड़े विवाद को लेकर कटका मरौठा निवासी रत्नो गुप्ता पत्नी प्रेमबाबू पानी की टंकी पर चढ़ गईं। तहसीलदार दुर्गेश कुमार यादव व पुलिस ने काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। रत्नो गुप्ता का आरोप है कि कटका-मरौठा मे उनकी जमीन के सामने सरकारी भूमि पर बंशीलाल साहू ने दुकान बना ली है तथा बाउण्ड्री उठा ली है। इससे उनके खेत तक आने-जाने का रास्ता बाधित हो गया है। उनका कहना है कि सरकारी भूमि से कब्जा हटवाने और रास्ता खुलवाने के लिए वह लगातार संबंधित अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग कर रही हैं। इस मामले में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) के तहत बेदखली की कार्यवाही भी चल रही है। महिला



रत्नों गुप्ता के मुताबिक, बेदखली संबंधी आदेश के अनुपालन और रास्ते की समस्या के समाधान के लिए वह लंबे समय से तहसील के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। इसी से परेशान होकर उन्होंने पानी की टंकी पर चढ़ने का कदम उठाया।रत्नों गुप्ता ने भी इस सम्बन्ध मे हाईकोर्ट मे वाद दायर किया है।

आरोपों को बताया बेबुनियाद- बंशीलाल साहू ने महिला के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि उन्होंने अपने निजी गाटा संख्या 927, कटका मरौठा में दुकानों और बाउंड्री का निर्माण कराया है। इस भूमि को लेकर हाईकोर्ट में भी मामला विचाराधीन है।' **23 अक्टूबर को हाईकोर्ट में सुनवाई**- इस संबंध में तहसीलदार दुर्गेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में बेदखली का आदेश पारित हो चुका है। विपक्षी बंशीलाल की ओर से हाईकोर्ट में रिट दायर की गई है, जिस पर 23 अक्टूबर को सुनवाई होनी है। हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महाविसर्जन की तैयारियों को लेकर 18 अक्टूबर को बनेगी रूपरेखा

बहराइच। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति (रजि.) के तत्वावधान में 21 अक्टूबर को होने वाले दुर्गा प्रतिमा महाविसर्जन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बशीरगंज स्थित मौनी बाबा आश्रम में 18 अक्टूबर रविवार को सुबह 10 बजे से बैठक आयोजित की गई है। इसमें थाना प्रमुखों, तहसील प्रमुखों और विसर्जन समिति के सदस्यों की सहभागिता रहेगी।

विद्यालय में नारी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

बहराइच। मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच के मिशन शक्ति टीम द्वारा राम प्यारे इंटर कॉलेज कस्बा बाबागंज थाना रूपईडीहा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की बालिकाओं को महिला सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बेड टच गुड टच, साइबर अपराधों, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए अनजान व्यक्तियों के साथ अपनी निजी जानकारी, ओटीपी एवं पासवर्ड साझा न करने के लिए जागरूक किया गया।

एक नजर

सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में तहसील जमुनहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी शिकायतों को गम्भीरता से उनका निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील भिनगा में मुख्य विकास अधिकारी एवं तहसील इकौना में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित तहसील व ब्लाक स्तर के सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस जमुनहा में कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस भिनगा में 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील इकौना में कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर ही 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

लापरवाही व अनियमितता के आरोप में उपनिरीक्षक निलम्बित


श्रावस्ती। चोरी की सूचना मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण नहीं करने, विधिक कार्रवाई न करने और उच्चाधिकारियों को जानकारी नहीं देने के मामले में एसपी राहुल भाटी ने लक्ष्मनपुर बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 को लक्ष्मनपुर बाजार निवासी बुद्ध उर्फ रफातुल्ला पुत्र इब्राहिम ने चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार राय को 50 हजार चोरी होने की सूचना दी थी। आरोप है कि सूचना मिलने के बाद भी चौकी प्रभारी ने मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा घटनास्थल का निरीक्षण नहीं किया और न ही घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।प्रकरण की जांच के दौरान पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और अनियमितता के आरोप सामने आने पर पुलिस अधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुए उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया। साथ ही, पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार विभागीय जांच संचालित कराने के निर्देश दिए हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस में 159 शिकायतें मौके पर सिर्फ 15 का निस्तारण



अम्बेडकरनगर।शनिवार को आलापुर तहसील के वसुधा सिंह सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कुल 159 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें महज 15 का मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम.एसपी ने शेष शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने और पीड़ितों को गुणवत्तापूर्ण राहत उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।समाधान दिवस में सबसे अधिक 123 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा पुलिस विभाग की 10ए विकास विभाग की आठ तथा अन्य विभागों से जुड़ी 11 शिकायतें प्राप्त हुईं। बड़ी संख्या में जमीन और राजस्व संबंधी मामलों का पहुंचना विभाग के सामने प्रभावी निस्तारण की चुनौती को दर्शाता है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में महज औपचारिकता न बरती जाएए बल्कि मौके पर जांच कर शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत दिलाई जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उपजिलाधिकारी आलापुर विकास यादवए तहसीलदार रवीश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले में 256 पशुओं की हुई चिकित्सा




अम्बेडकरनगर। विकासखंड जहांगीरगंज के ग्राम जमुनीपुर में शनिवार को पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र शुक्ला ने विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार सिंह एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संतोष सिंह के साथ गो.पूजन कर किया।मेले में पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य टीकाकरण बांझपन की समस्या एवं उसके निवारण के संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉण् रविंद्र कुमार चक्रवर्ती ने विस्तृत जानकारी दी। डॉण् सुधीर कुमार राणा ने पशुओं में पोषण संबंधी समस्याओं और उनके समाधान के उपाय बताए। वहीं डॉण् श्रीनिवास यादव ने विभागीय योजनाओं तथा डॉण् दिलीप कुमार यादव ने पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पशुपालकों को दीं।मेले में लगाए गए शिविर के माध्यम से 256 पशुओं की चिकित्सा कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में पशुपालकों ने मेले में पहुंचकर इसका लाभ उठाया। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी रचना सचानए मनोज कुमार वेटरनरी फार्मासिस्ट गुलाबचंद सोनी प्रतिभा विश्वकर्मा शैलेंद्र कुमार बैजनाथ सिंह समेत विभागीय कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामवासियों एवं पशुपालकों ने पशु आरोग्य मेले के आयोजन की सराहना की।

गो संरक्षण केंद्र के औचक निरीक्षण में व्यवस्थाओं की खुली पड़ताल, सीडीओ ने दिए जरूरी निर्देश

अम्बेडकरनगर। मुख्य विकास अधिकारी ने शनिवार को रामनगर ब्लॉक के अखलासपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण कर गोवंशों के रखरखाव स्वास्थ्य और चारे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में गोवंशों की समुचित देखभाल के साथ पर्याप्त मात्रा में पशु आहार और हरे चारे की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने केंद्र परिसर को समतल कर खड़ंजा लगवाने को कहा ताकि आवागमन और साफसफाई बेहतर हो सके। परिसर में छायादार वातावरण तैयार करने के लिए पीपल और बरगद के पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। पंचायत सचिव व एडीओ पंचायत को पशुचर भूमि पर समय से नेपियर घास की बुवाई कराने को कहा जिससे हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे।सीडीओ ने गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने पर भी जोर दिया।

एक नजर

एक परिवार की तीसरी पीढ़ी ने भी किया रामलीला में रावण का अभिनय



करनैलगंज, गोण्डा। करनैलगंज की रामलीला में वर्मा परिवार की तीसरी पीढ़ी ने भी रावण का सराहनीय अभिनय किया। दशकों पूर्व नगर के स्व. पाटनदीन वर्मा रामलीला में विभिन्न पात्रों का अभिनय करते थे जिसमें उनके द्वारा किया जाने वाला रावण का अभिनय बहुत ही प्रसिद्ध था। उनके निधन के पश्चात उनके बड़े पुत्र राजेंद्र कुमार वर्मा उर्फ रज्जन तथा छोटे पुत्र कन्हैयालाल वर्मा ने भी रावण का अभिनय किया। दोनों पुत्रों द्वारा किये गये रावण के अभिनय भी बहुत ही सराहनीय होते थे। वर्तमान वर्ष में स्व. पाटनदीन वर्मा के पौत्र एवं स्व. राजेंद्र कुमार वर्मा के पुत्र कमल वर्मा ने अंगद पदारोपण की लीला में रावण का शानदार अभिनय किया।

रामलीला के प्रति समर्पित शिव कुमार रामायणी का निधन

करनैलगंज, गोण्डा। रामलीला के प्रति आजीवन समर्पित रहने वाले शिव कुमार छोटे रामायणी (77) का शनिवार को निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। शिव कुमार को बचपन से ही रामलीला के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने अपना पूरा जीवन भगवान श्रीराम की लीलाओं के मंचन में समर्पित कर दिया था। करनैलगंज क्षेत्र के गुड़ाही, सकरौरा, छतईपुरवा, सोनवार और पिपरी सहित कई स्थानों पर आयोजित होने वाली रामलीलाओं में उनकी अहम भूमिका रहती थी। रामायण के प्रति उनकी गहरी आस्था और समर्पण को देखते हुए लोग उन्हें सम्मानपूर्वक रामायणी के नाम से पुकारते थे। ईमानदारी, सादगी और भगवान श्रीराम के प्रति अटूट श्रद्धा उनकी पहचान थी। रामलीला के माध्यम से उन्होंने लंबे समय तक धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाये रखने में योगदान दिया। उनके निधन से रामलीला मंचन से जुड़े लोगों और क्षेत्रवासियों ने एक समर्पित कलाकार को खो दिया है। उनके निधन पर अशोक पुरवार, राजेश पुरवार, सुरेश पुरवार, सोनू, मोनू पुरवार, अरमान पुरवार, टिंकू पुरवार, कन्हैयालाल वर्मा, अप्पू मोदनवाल, शिवा भट्ट, चंद्र प्रकाश शुक्ला, ओपी तिवारी, सुनील गुप्ता, अशोक सिंघानिया, जुगनू रस्तोगी और गुड्डू रस्तोगी सहित सैकड़ों लोगों ने शोक व्यक्त किया।

मेहनत लाई रंग, नितिन सिंह का यूपी पुलिस और होमगार्ड में चयन

गोंडा। मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर रामापुर भगाही गांव निवासी नितिन सिंह ने दोहरी सफलता हासिल कर परिवार और गांव का नाम रोशन किया है। उनका चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद के साथ ही होमगार्ड पद पर भी हुआ है। नितिन के पिता नरेंद्र सिंह खेती-किसानी के साथ इलेक्ट्रिक का काम करते हैं, जबकि उनकी मां पुष्पा सिंह गृहिणी हैं। नितिन ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई अयोध्या स्थित जीआईसी इंटर कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने मसकनवां के शीतलगंज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। नितिन की इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को युवाओं के लिए मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य के साथ भर्ती परीक्षाओं की तैयारी की, जिसका परिणाम दोहरी सफलता के रूप में मिला। नितिन के बड़े पिता विजय कुमार सिंह ने बताया कि वह शुरू से ही होनहार रहे हैं और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे। नितिन ने सफलता का श्रेय बड़े पिता के मार्गदर्शन और प्रेरणा को दिया।

मिशन शक्ति से महिला सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन का संदेश

गोण्डा । देवीपाटन मंडल के बलरामपुर स्थिति मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की उपस्थिति में मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सेवा संकल्प समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया गया। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है।


पांच यात्री बसों का चालान, सुरक्षा मानकों की जांच

गोण्डा। यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एआरटीओ प्रशासन की संयुक्त टीम ने कर्नलगंज, बालपुर और मुन्नन खान चौराहे पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान यात्री बसों में सुरक्षा व्यवस्थाओं और यातायात नियमों के अनुपालन की जांच की गई। कमियां मिलने पर पांच बसों का चालान किया गया। अभियान के दौरान टीम ने बसों में उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं का जायजा लिया और निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहन संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बस संचालकों को नियमों का पालन करने तथा यात्रियों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार रहने के निर्देश दिए। **चालक-परिचालकों को दिए निर्देश** जांच के दौरान बस चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन संचालन के समय सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

आदर्शों की मिसाल थे वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र भूषण श्रीवास्तव, निधन से न्यायिक जगत में शोक

सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के निधन से अधिवक्ता समाज मर्माहत, न्यायिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

गोण्डा। न्याय, निष्ठा, सिद्धांत और आदर्शों के प्रति आजीवन समर्पित रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्र भूषण श्रीवास्तव के असामयिक निधन से जिले के न्यायिक जगत, अधिवक्ता समाज और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ गई। बीती रात उनके निधन का समाचार मिलते ही कचहरी परिसर में शोक व्याप्त हो गया। साथी अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और आदर्शों को याद किया। परिजनों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधी मामूली परेशानी के चलते उन्हें लखनऊ ले जाया गया था। वहां



अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके इकलौते पुत्र हितेश सहाय ने बताया कि परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है। **तीन पीढ़ियों की विधिक परंपरा, आदर्शों की अमिट विरासत** दिवंगत इंद्र भूषण श्रीवास्तव का परिवार लंबे समय से विधि जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखता रहा है। उनके पुत्र हितेश सहाय ने बताया कि उतरौला तहसील के नंदौरी स्थित पैतृक गांव से उनके बाबा जमुना बाबू गोण्डा आए थे। वे जनपद के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं में शामिल रहे। उनके बाद पिता इंद्र भूषण श्रीवास्तव ने भी जीवनभर आदर्श अधिवक्ता के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखी। सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा, गरिमामय आचरण और न्याय के प्रति समर्पण उनके जीवन की विशेष पहचान रहे। **अधिवक्ता समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे** सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि दिवंगत इंद्र भूषण श्रीवास्तव प्रतिष्ठित बार की एल्डर कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। उनका संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए आदर्श है। उनके व्यक्तित्व और अनुभव से अधिवक्ता समाज को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी ने उन्हें सिद्धांतों और आदर्शों का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि वह समाज में लोकप्रिय एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे।

दुर्गा पूजा समिति ने जवाबी कीर्तन का कराया आयोजन

सिरसिया श्रावस्ती। शारदीय नवरात्रि पर्व पर कस्बे से लेकर गांवों तक आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना की धूम मची हुई है। घरों से लेकर पूजा पंडालों तक सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त मां की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर मां के दरबार में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में नवरात्रि के छठे दिन शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति सिरसिया की ओर से बाबा नागेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें रायबरेली की शशि राज कमल और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर की कु. कमलेश्वरी कंचन के बीच मुकाबला हुआ। दोनों कीर्तन मंडलियों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों और उनकी महिमा का वर्णन करते हुए एक-दूसरे को जवाब दिया।

नया डाक मंडल बनने से अंबेडकरनगर में बढ़ेंगी डाक सेवाओं की सुविधाएं

अम्बेडकरनगर। जनपद में नए डाक मंडल के गठन से डाक सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद है। मंडल स्तर के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों का निस्तारण अब जनपद स्तर पर संभव होगाए जिससे अन्य जनपदों के मंडलीय कार्यालयों पर निर्भरता कम होगी। इससे स्पीड पोस्ट रजिस्टर्ड डाक पार्सल सहित अन्य सेवाओं की निगरानी और गुणवत्ता में सुधार होगा।नवगठित मंडल के अंतर्गत 334 शाखा डाकघर और 36 उपडाकघर आने से ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं की प्रशासनिक निगरानी और प्रभावी होगी। साथ ही डाकघर बचत योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना आवर्ती जमा सावधि जमा तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सेवाओं को भी मजबूती मिलने की संभावना है। इससे किसानों महिलाओं और बुजुर्गों को ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध वित्तीय एवं बीमा सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।नए मंडलीय कार्यालय में स्वीकृत पदों केअनुसार अधिकारियों.कर्मचारियों की तैनाती होने से रोजगार के अवसर बढ़ने की भी उम्मीद है। वहीं व्यापारियों बुनकरों छोटे उद्यमियों और ऑनलाइन कारोबार से जुड़े युवाओं को बेहतर डाक एवं पार्सल सेवाओं का लाभ मिलेगा। डाक वितरण बचत योजनाओं और अन्य विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर मंडलीय प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

आईजीआरएस निस्तारण में लापरवाही पर बीएसए को नोटिस

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया गया। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह को निर्देश दिया कि ऐसे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जाए, जिनके ऊपर से हाईटेंशन विद्युत तार गुजर रहे हैं। साथ ही यह भी बताया जाए कि कितने विद्यालयों से तार हटाए जा चुके हैं और कितने विद्यालयों में यह कार्य अभी लंबित है। उन्होंने जनपद के जर्जर विद्यालय भवनों की सूची तैयार करने और उनके ध्वस्तीकरण के संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी। इसके अतिरिक्त जिन विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए सीट-बेंच की व्यवस्था नहीं है, उनकी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों के माध्यम से ऐसे विद्यालयों में सीट-बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

गलत आख्या पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने बीएसए अमित कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वजीरगंज के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सतीश चन्द्र तिवारी द्वारा आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में गलत आख्या प्रस्तुत किए जाने के मामले में जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोकने, विभागीय कार्रवाई करने और जिला मुख्यालय से संबद्ध करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत तेलियानी कानूनगो के सचिव देवेन्द्र पाण्डेय द्वारा गलत आख्या लगाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त डीपीआरओ, डीपीओ कार्यक्रम तथा सीडीपीओ पण्डरीकृपाल और मनकापुर का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विसर्जन स्थल भाकला घाट का निरीक्षण कर लिया जायजा

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आगामी दुर्गा पूजा विसर्जन के दृष्टिगत राप्ती नदी घाट पर बने भाकला घाट विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्था पूर्ण ढंग से दुर्गा प्रतिमा को विसर्जन कराने हेतु सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने विसर्जन घाट पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियों को मुकम्मल करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होने साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए व्यवस्था पूर्ण ढंग से विसर्जन कराने हेतु उप जिलाधिकारी भिनगा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि आने जाने वाले मार्ग को भी साफ कर दिया जाए। जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पाए। मार्गो पर लाइट आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करते पाया जाए तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

बैनामा निजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओ ने एसडीएम जमुनहा को सौंपा ज्ञापन

जमुनहा श्रावस्ती। बैनामा निजीकरण और राजस्व न्यायालयों में अधिवक्ताओं की भूमिका समाप्त करने संबंधी कथित शासनादेश के विरोध में अधिवक्ताओं का आंदोलन तेज हो गया है। शनिवार को न्यू मॉडल बार एसोसिएशन जमुनहा तहसील के अधिवक्ताओं ने भी धरना-प्रदर्शन किया। न्यू मॉडल बार एसोसिएशन, तहसील जमुनहा ने शासन से संबंधित आदेश वापस लेने की मांग की है।एसोसिएशन की ओर उपजिलाधिकारी को संबोधित पत्र जारी किया गया। इसमें कहा गया कि 12 अक्टूबर से प्रदेशभर के अधिवक्ता रजिस्ट्री और राजस्व न्यायालयों के कामकाज का विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद सरकार की ओर से अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है।प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें राज्यपाल से हस्तक्षेप कर संबंधित आदेश वापस कराने की मांग की गई।

कैम्प में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे बीएलओ -जिला निर्वाचन अधिकारी

श्रावस्ती। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकरण से छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम सम्मिलित किए जाने के लिए जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 17 अक्टूबर 2026 को विशेष अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रा0वि0 शाहपुर कठौतिया, प्रा0वि0 लेंगडी गूलर, प्रा0वि0 हरिहरपुर, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रा0वि0 बहोरवा के अन्तर्गत समस्त बूथों का निरीक्षण किया गया। जनपद के 917 मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व अन्य पात्र नागरिकों का फार्म-6 भरकर आवेदन कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर (शनिवार), 2026 को विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। विशेष कैम्प दिवस पर प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। कैम्प में मतदाता पंजीकरण के लिए पर्याप्त संख्या में फार्म-6 उपलब्ध रहेंगे।